Rapid Fire करेंट अफेयर्स (27 November)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-27-11-2018

- 25 नवंबर को मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस; Orange the World: #HearMeToo है इस वर्ष की थीम; वर्ष 2000 में पहली बार मनाया गया था यह दिवस
- पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण के लिये आवश्यक कदम उठाने के लिये 26 नवंबर को मनाया गया विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस
- 26 नवंबर को मनाया गया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस; 2014 में पहली बार मनाया गया था राष्ट्रीय दुग्ध दिवस; भारत में श्वेत क्रांति के जनक वर्गीज़ कुरियन का जन्मदिन है 26 नवंबर; 1 जून को मनाया जाता है संयुक्त राष्ट्र का विश्व दुग्ध दिवस
- हाल ही में जारी हुई इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2019; रोज़गार देने के मामले में आंध्र प्रदेश टॉप पर; हरियाणा और राजस्थान को मिला दूसरा और तीसरा स्थान
- बच्चों की देखरेख करने वाली संस्थाओं के राष्ट्रीय बाल समारोह 'हौसला-2018' की नई दिल्ली में शुरुआत; बच्चों की देखरेख करने वाली संस्थाओं के देशभर के बच्चों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है उद्देश्य; Child Safety है इसकी थीम
- दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत लाभार्थियों को बैंक ऋणों पर ब्याज अनुदान की प्रोसेसिंग के लिये 'पैसा' पोर्टल की शुरुआत; पारदर्शिता और दक्ष सेवाएँ प्रदान करना है उद्देश्य
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने देशभर के स्कूलों को पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को होमवर्क न देने के निर्देश दिये; पहली से दसवीं क्लास तक के बच्चों के बस्तों का वज़न भी तय किया गया
- IIT खड़कपुर ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर आधारित एक टूल बनाया; यह टूल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्राकृतिक आपदाओं से जुड़ी फेक न्यूज़ पर रोक लगाने में सक्षम है
- उत्तराखंड सरकार ने एक प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए देहरादून के जॉलीग्रांट हवाई अड्डे का नाम दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने की मंज़ूरी दी
- वरिष्ठ IAS अधिकारी सुनील अरोड़ा देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे; 1 दिसंबर को ओ.पी. रावत के रिटायर होने के बाद संभालेंगे पदभार; 31 अगस्त, 2017 को सुनील अरोड़ा बने थे चुनाव आयुक्त
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मुखिया जान-बूझकर क़र्ज़ न चुकाने वालों और देश छोड़कर भाग जाने वाले क़र्ज़दारों के खिलाफ लुक-आउट नोटिस जारी करने का आग्रह कर सकेंगे; राजीव कुमार समिति की सिफारिशों के बाद लिया गया फैसला
- आयकर अधिनियम, 1961 की समीक्षा करके नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने के लिये सीबीडीटी के सदस्य अखिलेश रंजन को 2017 में गठित हुए कार्यबल का संयोजक बनाया; 28 फरवरी तक बढ़ा कार्यबल का कार्यकाल
- महामना मदन मोहन मालवीय के पौत्र इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस गिरिधर मालवीय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलाधिपति चुने गए; डॉ. कर्ण सिंह का स्थान लेंगे जस्टिस गिरिधर मालवीय
- नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों में सूचना के आदान-प्रदान के लिये मौजूदा प्रावधानों को अप-टू-डेट करने हेतु भारत-चीन ने दोहरे कराधान से बचने के लिये DTAA में संशोधन पर सहमति जताई

- ब्राज़ील सरकार द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, अमेज़न के वर्षा वनों में पिछले एक दशक में सर्वाधिक वन कटान हुआ; अगस्त 2017 से जुलाई 2018 के दौरान लगभग 7900 वर्ग किमी. वर्षा वन नष्ट हुए
- चीन में दुनिया के पहले जेनेटिकली मॉडिफाइड शिशु का जन्म; मानव भ्रूण में जीन को एडिट करने के लिये इस्तेमाल की गई नई तकनीक
- पी.वी. नरसिंह राव सरकार में 1991 से 1995 तक रेल मंत्री रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सी.के. जाफर शरीफ का निधन